देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 3 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...बाजार की उलटबांसी



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 28 नवंबर 2019



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 11.0° | 41020.61

2 नासा में काम नहीं कर रहे शौचालय | 7 बोले धोनी- जनवरी तक मत पूछो

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम पद का लालच देकर समर्थन देना खरीद-फरोख्तः शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीजेपी अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर एनसीपी चीफ शरद पवार और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद का लालच देकर समर्थन लेना खरीद-फरोख्त नहीं है क्या? उन्होंने कहा, मैं शरद जी और सोनिया जी को कहता हूं कि एक बार बोलकर देखें कि मुख्यमंत्री उनका होगा और फिर शिवसेना का समर्थन लें। लगभग 100 सीटों वाला गठबंधन 56 सीट वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद दे रहा है, ये खरीद-फरोख्त ही है। बीजेपी अध्यक्ष ने अपनी सहयोगी रही शिवसेना पर विचारधारा से समझौता करने का आरोप भी लगाया।

### चिदंबरम की 11 दिसंबर तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के नेता पी चिदंबरम की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। आईएनएक्स मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत को 11 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। चिदंबरम की न्यायिक हिरासत को 14 दिनों के लिए बढ़ाने की ईडी की मांग पर स्पेशल कोर्ट के जज अजय कुमार कुहर ने यह कहते हुए फैसला सुनाया कि जांच जारी है। बता दें कि आज तिहाड़ जेल में चिदंबरम से मिलने के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पहुंच थे।

### वित्त मंत्री ने विकास दर में गिरावट की बात मानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की आर्थिक विकास दर 25 तिमाहियों के निचले स्तर पर पहुंचने और तमाम अर्थव्यवस्था से जुड़े तमाम आंकड़ों की स्थिति बदतर होने के बीच राज्यसभा में अर्थव्यवस्था पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि देश की आर्थिक विकास दर में भले ही गिरावट आई है, लेकिन यह मंदी नहीं है।

# एसपीजी बिल में दुर्भावना नहीं

## गृह मंत्री अमित शाह ने पेश किया एसपीजी बिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एसपीजी संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया है। होम मिनिस्टर ने इसके प्रावधानों को बताते हुए कहा कि संशोधन विधेयक के मुताबिक एसपीजी सुरक्षा प्रधानमंत्री और उनके परिजनों को ही दी जाएगी। इसके अलावा उनके उन परिजनों को भी यह सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी, जो आधिकारिक तौर पर पीएम के साथ उनके आवास में रहते हों। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी पद छोड़ने के बाद 5 साल तक एसपीजी सुरक्षा दी जाएगी। विधेयक पर चर्चा करते हुए कांग्रेस ने इस पर तीखे सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस का पक्ष रखते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने कहा कि तय प्रक्रिया के आधार पर खतरे का आकलन किया जाता है और उसके मुताबिक ही सभी लोगों को सुरक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस बिल में पूर्व प्रधानमंत्रियों को सिर्फ 5 साल के लिए ही एसपीजी सुरक्षा देने की बात है। तिवारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर कैसे पता चलता है कि जिस व्यक्ति को अभी तक खतरा अब नहीं है। उन्होंने महात्मा गांधी, अब्राहम लिंकन, बेअंत सिंह, इंदिरा गांधी की हत्या का उदाहरण दिया।

■बिल के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री को भी पद से हटने के बाद 5 साल तक सुरक्षा मिलेगी

**पुराना कानूनः** पुराने कानून में कहा गया है कि अगर किसी पूर्व प्रधानमंत्री से एसपीजी सिक्यॉरिटी वापस ली गई तो उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ भी एसपीजी नहीं रहेगी। बशर्ते पारिवारिक सदस्यों को उस स्तर का खतरा नहीं हो जिसके लिए एसपीजी सिक्यॉरिटी जरूरी हो।



### पद से हटने के बाद खत्म नहीं होता खतराः मनीष तिवारी

मनीष तिवारी ने कहा कि आखिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को लेकर खतरे में ऐसी क्या कमी आ गई है कि सुरक्षा वापस ले ली गई। तिवारी ने कहा, यह जो खतरे के आकलन की प्रक्रिया है, यह बहुत सब्जेक्टिव प्रक्रिया है। सीनियर कांग्रेस लीडर ने कहा कि जब पीएम कोई संवेदनशील निर्णय लेते हैं तो उनकी सुरक्षा इतनी दुरुस्त होनी चाहिए कि कोई व्यक्ति उन्हें किसी प्रकार की हानी न पहुंचा सके। ऐसे में यदि क्या वह पद से हट जाते हैं तो क्या वह चुनौती खत्म हो जाते हैं। इसलिए क्योंकि जो लोग किसी को मारना चाहते हैं, वह उस वक्त की प्रतीक्षा करते हैं, जब सुरक्षा चुस्त दुरुस्त न हो।

**नया प्रावधानः** अब प्रस्ताव यह शर्त हटा लिया गया है और पूर्व प्रधानमंत्रियों से एसपीजी सिक्यॉरिटी वापस लेने के बाद उनके पारिवारिक सदस्यों से भी एसपीजी की वापसी को अनिवार्य करने का प्रावधान कर दिया गया है। सरकार दो पैमानों पर इस कानून के तहत यह फैसला लेती है- पहला, किसी मिलिट्री या आतंकवादी संगठन से ही जान का खतरा हो और दूसरा, खतरा बेहद गंभीर और लगातार बने रहने की प्रकृति का हो।

# शिवाजी पार्क में उद्धव ठकरे का शपथ ग्रहण आज

## हाई कोर्ट ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र के भावी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुरुवार को पद की शपथ लेंगे। उनका शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के शिवाजी पार्क में रखा गया है। मुंबई पुलिस ने इस आयोजन में जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। हालांकि, बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवाजी पार्क में शपथ ग्रहण पर सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को चिंता जताते हुए कहा कि सार्वजनिक मैदानों पर इस किस्म के कार्यक्रमों को आयोजित करने का यह नियमित सिलसिला नहीं होना चाहिए। हाई कोर्ट ने एक एनजीओ की याचिका पर साल 2010 में इस क्षेत्र को 'साइलेंस जोन' घोषित कर दिया था। तब हाई कोर्ट ने कहा था कि शिवाजी पार्क में केवल 6 दिसंबर (आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस), 1 मई (महाराष्ट्र स्थापना दिवस) और 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को ही कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

**विदेशी स्रोतों से धन और चंदा मिलता रहा है**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त विनय चौबे समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को समारोह स्थल पर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारी ने कहा कि सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। साथ ही भीड़ पर नजर रखने के लिये ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाराष्ट्र के 17वें सीएम बनेंगे उद्धव ठाकरेः** महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के नेता चुने गए उद्धव ठाकरे के शपथ ग्रहण समारोह के लिए शिवाजी पार्क और उसके आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उद्धव ठाकरे गुरुवार शाम को महाराष्ट्र के 17वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

**कोर्ट ने कहा- शपथग्रहण पर कुछ नहीं कहेंगे**

हाई कोर्ट के जज एस सी धर्माधिकारी और आर आई चागला की डिविजन बेंच ने इस मामले पर कहा, हम शपथ ग्रहण के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम बस प्रार्थना कर रहे हैं कुछ गलत ना हो। जस्टिस धर्माधिकारी ने इसपर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के बाद यहां पर ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने लगेंगे और हर किसी को ग्राउंड की जरूरत पड़ेगी।

# बारिश और बर्फबारी ने कई राज्यों में बढ़ाई ठंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नवंबर का महीना का खत्म होने को आया है और इसके साथ ही देश के कई राज्यों में ठंड का असर भी दिखने लगा है। हालांकि, उत्तरभारत में लोगों के गरम कपड़े निकल गए हैं, लेकिन कई जगहों पर झमाझम बारिश भी हो रही है। वहीं, बर्फबारी की भी खबर सामने आ रही है। आगे के कई दिनों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा कुछ जगहों पर बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है।

आईएमडी द्वारा 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक की रिपोर्ट जारी की है। इसमें सबसे पहले जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा और बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल में भी अलग-थलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना लगाई गई। आपको बता दें कि पुदुचेरी में बुधवार को सुबह बारिश पड़ी भी थी।

वहीं, रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर बिजली कड़कने और बारिश होने की संभावना लगाई है। इसके अलावा केरल, माहे में भी मौसम खराब होने की संभावना है। 28 नवंबर को ओडिशा में और कुछ दिनों तक लगातार केरल, तमिलनाडु और पुदुचेरी में भी बारिश व मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रीय होते ही उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश शुरू हो गई है।

**बर्फबारी**



**उत्तराखंड में सुंदर मौसम**

उत्तराखंड से भी काफी खूबसूरत तस्वीरें सामने आई है। कस्बे में भारी बर्फबारी के कारण बद्रीनाथ मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कार्टोसैट-3 है भारत की आंख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नै। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर से बुधवार सुबह पीएसएलवी सी47 को लॉन्च कर दिया गया। इस लॉन्च वीइकल से अमेरिका के 13 नैनो सैटलाइट समेत तीसरी जनरेशन का कार्टोसैट-3 लॉन्च किया गया है जिसे भारत की आंख कहा जा रहा है।

**बेहतरीन रेजालूशनः** कार्टोसैट-3 के कैमरों का स्पेशियल और ग्रांउड रेजॉलूशन काफी ज्यादा है। इसमें दुनिया का सबसे ताकतवर कैमरा लगा है। इसकी मदद से 509 किलोमीटर की ऊंचाई से बेहद साफ तस्वीरें ली जा सकेंगी। इतनी ऊंचाई से यह जमीन पर ऐसी दो चीजों में फर्क कर सकता है जिनके बीच की दूरी 25 सेंटिमीटर हो। इससे सुरक्षाबलों की स्पेस-सर्वेलंस की क्षमता बढ़ेगी।

**सतीश धवन स्पेस सेंटर से पीएसएलवी सी47 को लान्च किया**

**पीएम मोदी ने भी दी बधाई**

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्टोसैट-3 की लॉन्चिंग पर कहा, मैं इसरो की टीम के एक और बड़े मिशन की सफल लॉन्चिंग पर बधाई देता हूं। इसरो ने एक बार देश को गौरवान्वित किया है।